**गुस्ताखी माफ**



मिलते हैं लुधियानवी, जिससे पहली बार।
उससे ही कर बैठते, खड़े पैर ये प्यार।
खड़े पैर ये प्यार, जरा ना देर लगाते।
बहुत बड़े दिल-फेंक, वहीं दिल देकर आते।
कह साहिल कविराय, कमल आंखों के खिलते।
झट कर लेते प्यार, जहां भी जिससे मिलते।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 128 | TUESDAY 19-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER   Visit at : www.uturntime.com

# हर बड़े शहरों में मिलने लगे हैं विक्की डोनर

## निसंतान दंपतियों को लुभाने में लगे हैं IVF सेंटर

अशोक सहगल

लुधियाना यूटर्न 18 मई। निसंतान दंपतियों जिन पर आईवीएफ फेल हो चुका है और दंपति अस्पतालों पर सारा दोष मढ रहे हैं ऐसे में दी संतान दंपतियों को यह कहा जा रहा है कि पुरुषों में इलाज के बावजूद स्पर्म काउंट बढ़ नहीं रहा बार-बार आईवीएफ फेल हो रहा है ऐसे में किसी स्पर्म डोनर की सहायता से ही संतान प्राप्त हो सकती है। भारत में संतान पैदा करने विशेष कर बेटे के जन्म पर सारा खानदान उम्मीदें लगाकर बैठा होता है बच्चा पैदा करने में देरी होने पर परिजनों के ताने अलग से सुनाने पड़ते ऐसे में बार-बार आईवीएफ फेल होने पर जब अस्पताल प्रबंधको पर दोषारोपण होता है तो वह आखिर उम्मीद के चलते उन्हें प्रीमियम दाता लेने की सलाह देते हैं अब तो यह कहा जाता है कि दंपतियों को बिना बताए ही थर्ड पार्टी का स्पर्म इस्तेमाल किया जा रहा है ताकि संतान पैदा होने के बाद लोग अस्पताल को दोष न दे कई जगह पर दंपतियों की काउंसलिंग की जाती है इसके लिए अस्पतालों में काउंसलर रखे जाते हैं कि वह की संतान दंपतियों को आईवीएफ फेल होने पर इस बात के लिए मना लेने की वह संतान पैदा कर अपना सामाजिक दायित्व पूरा करें क्योंकि ना तो दाता को बताया जाता है कि मी संतान दंपति कौन है और ना ही संतान पैदा करने की इच्छा रखने वालों को 'विक्की डोनर' का पता बताया जाता है। सूत्र बताते हैं कि यह धंधा बड़े शहरों में आम हो गया है अब इसका रुख छोटे शहरों की ओर भी होने लगा है इसके लिए समाचार पत्रों में विज्ञापन देने की बजाय सोशल मीडिया का अधिक सहारा लिया जाता है। बताया जाता है निसंतान दंपतियों के लिए सरोगेट मदर का इंतजाम करने की बात कही जाती है यानी की औरत अगर गर्भ धारण करने में सक्षम नहीं है तो उसका अंडा और पुरुष का स्पर्म लेकर किसी तीसरी किराये की कोख में इसे रखकर संतान पैदा की जा सकती है। भारत के लिए इसके लिए कानून भी बना हुआ है सन 2025 में इसमें अमेंडमेंट भी आ चुकी है परंतु आईवीएफ सेंटर जो इस धंधे में सलिप्त है कानून की परवाह करने की बजाय पैसे देकर किसी महिला को किराए की कोख के लिए तैयार करते हैं। और उसके लिए उसे एक निश्चित रकम भी अदा की जाती है ऐसी महिला को डिलीवरी तक अपनी निगरानी में रखा जाता है।




### भारत में लेटेस्ट सरोगेसी कानून (2025)

**सरोगेसी क्या है?...** सरोगेसी असिस्टेड रिप्रोडक्शन का एक तरीका है जिसमें एक महिला (सरोगेट) किसी भी कपल के लिए नौ महीने तक बच्चे को जन्म देने और बच्चे को जन्म देने के लिए सहमत होती है। सरोगेट और बच्चे के बीच कोई लिंक नहीं होता है। इन कपल्स को इंटेंडेड पेरेंट्स भी कहा जाता है। इसे अक्सर वे कपल या महिलाएं चुनते हैं जो मेडिकल, जेनेटिक या पर्सनल वजहों से कंसीव नहीं कर पाते या प्रेग्नेंट नहीं हो पाते।

**जेस्टेशनल सरोगेसी...** यह भारत में सरोगेसी का कानूनी तौर पर माना हुआ तरीका है; यह आम है, और सरोगेट का बच्चे के जीन से कोई सीधा लिंक नहीं होता। भ्रूण IVF के जरिए होने वाले माता-पिता या डोनर के एग और स्पर्म का इस्तेमाल करके बनाया जाता है।सरोगेट का बच्चे से कोई जेनेटिक लिंक नहीं होता।भारत समेत कई देशों में यह सबसे आम और कानूनी तौर पर माना हुआ तरीका है।

**कमर्शियल सरोगेसी...** सरोगेट को दिए जाने वाले पेमेंट के हिसाब से, सरोगेसी दो तरह की होती है: कमर्शियल और दूसरों की मदद करने वाली। कमर्शियल सरोगेसी में, सरोगेट पैसे लेती है और नौ महीने तक बच्चे को पालती है। सरोगेट को उसके समय, मेहनत और रिस्क के साथ-साथ मेडिकल और मैटरनिटी केयर के खर्च के लिए पेमेंट किया जाता है। कॉन्ट्रैक्ट सभी पार्टियों के कानूनी अधिकार, ज़िम्मेदारियां और मुआवजा तय करते हैं। इसमें अक्सर इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) और जेस्टेशनल सरोगेसी शामिल होती है, जहां सरोगेट का बच्चे के साथ कोई जेनेटिक लिंक नहीं होता है।

**भारत में सरोगेसी की लागत...** भारत में सरोगेसी की लागत अन्य देशों की तुलना में सस्ती है। सरोगेसी की लागत को प्रभावित करने वाले कई कारक हैं, और यह भी एक कारण है जो इसे अधिक महंगा बनाता है। सरोगेट मां के खर्च और बुनियादी जरूरतों को भी सरोगेसी के समय इच्छुक माता-पिता द्वारा कवर किया जाता है यहां आपको भारत में सरोगेसी की लागत की सभी आवश्यक जानकारी मिलेगी:

खर्च श्रेणी अनुमानित लागत (INR) आईवीएफ उपचार और भ्रूण स्थानांतरण ₹3,50,000 – ₹5,00,000 सरोगेट चिकित्सा देखभाल और बीमा ₹2,50,000 – ₹4,00,000 कानूनी और प्रशासनिक शुल्क ₹4,00,000 – ₹6,00,000 अस्पताल में डिलीवरी और नवजात शिशु का शुल्क ₹2,00,000 – ₹5,00,000 एजेंसी/क्लिनिक समन्वय (वैकल्पिक) ₹1,00,000 – ₹2,50,000 अतिरिक्त लागत (बीमा, स्क्रीनिंग, आदि) ₹1,00,000 – ₹2,00,000 कुल अनुमानित लागत रेंज ₹20,00,000 – ₹30,00,000



# रोते हुए संजीव अरोड़ा और बेटी: क्या यह दृश्य पंजाब की पॉलिटिक्स में हलचल मचाएगा ?

संजीव अरोड़ा की गिरफ्तारी पुरानी खबर है। उनके खिलाफ लगे आरोप भी पुरानी खबर है। सोमवार जब उन्हें ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा गया तो कोर्ट के बाहर उनके रोने की तस्वीरें वायरल हुई, साथ ही उनकी बेटी भी उनके बगल में फूट-फूट कर रो रही थी, वह भी वायरल हुई। पंजाब में, जहाँ निजी छवि और पारिवारिक मान-सम्मान का बहुत महत्व है, ऐसे दृश्यों का गहरा असर होता है। ये दृश्य मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत एक तकनीकी मामला लगने वाली बात को लोगों के लिए ज्यादा वास्तविक और अपने से जुड़ा हुआ बना देते हैं। कई लोगों के लिए, खासकर शहरी और बिजनेस सर्कल में, ये विजुअल्स हमदर्दी जगा सकते हैं। अरोड़ा, आखिर सिर्फ एक पॉलिटिशियन नहीं हैं, बल्कि इंडस्ट्री और इन्वेस्टमेंट से जुड़े एक व्यक्ति हैं, खासकर लुधियाना में। इमोशनल इमेजरी एक ऐसे आदमी की कहानी को मजबूत करती है जो किसी तरह के प्रेशर में है, शायद खुद से बड़े हालात का शिकार भी।



संदीप शर्मा, सम्पादक

फिर भी, इमोशनल रेजोनेंशन एक दोधारी तलवार है। यह इंसानियत को दिखाता है, लेकिन यह किसी को बरी नहीं करता। हमदर्दी सोच को नरम कर सकती है, लेकिन यह शायद ही कभी शक को मिटाती है, खासकर जब आरोप 100 करोड़ जितनी बड़ी रकम और सोची-समझी फाइनेंशियल गड़बड़ी के दावों से जुड़े हों। वोटर्स के एक बड़े हिस्से के लिए, खासकर जो एलीट इकोनॉमिक नेटवर्क से बाहर के हैं, आरोपों का पैमाना और खासियत किसी भी दिखने वाली परेशानी के पल पर भारी पड़ सकती है।

इस गिरफ्तारी को लेकर पूरे पंजाब में खुली बहस हो रही है: टाइमिंग और इसका नतीजा क्या हो सकता है, इस बारे में। हमदर्दी और शक के बीच यह तनाव यह तय करेगा कि जनता के मन में यह मामला कैसे आगे बढ़ता है। यह आम आदमी पार्टी को भी एक गंभीर स्थिति में डालता है। पार्टी इमोशनल कहानी का इस्तेमाल करके ज्यादा पहुंच या विक्टिम बनने का सुझाव दे सकती है, लेकिन इसे साथ ही क्रेडिबिलिटी और अकाउंटेबिलिटी के सवालों का भी सामना करना होगा। भावनाओं पर बहुत ज्यादा निर्भर रहने से बचने वाला लगने का खतरा है; इसे पूरी तरह से नजरअंदाज करने से जनता की सोच का एक अहम हिस्सा छूटने का खतरा है। विपक्ष के लिए, इमोशनल एंगल मौके से ज्यादा एक चुनौती पेश करता है। हालांकि यह सीधे राजनीतिक हमलों की तीक्ष्णता को कम कर सकता है, लेकिन यह अंदरूनी आरोपों की ताकत को खत्म नहीं करता है।

पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 को देखते हुए, इस घटना का आखिरी असर इस बात पर निर्भर करेगा कि भावना या सबूत गहरी छाप छोड़ते हैं। अगर जांच लगातार कानूनी कार्रवाई और ठोस नतीजों में बदलती है, तो मामला शायद शुरूआती सहानुभूति की लहर से ज्यादा समय तक चलेगा। लेकिन अगर मामला लंबा खिंचता है तो वोटर गिरफ्तारी पर ही सवाल उठाने लगेंगे। आखिर में, संजीव अरोड़ा की गिरफ्तारी भारतीय राजनीति की एक जानी-पहचानी सच्चाई को सामने लाती है: कि जनता की राय शायद ही कभी सिर्फ तथ्यों या भावनाओं से बनती है, बल्कि दोनों के बीच के तालमेल से बनती है। सवाल यह है कि क्या जनता, जो वोटर भी है, एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट के आरोपों पर विश्वास करेगी या वह आप पर ज्यादा विश्वास करती है ? इसका जवाब ड्राइंग रूम में होने वाली बातचीत में है जो आज और आने वाले दिनों में पूरे पंजाब में होती रहेगी। ईडी या आप आखिर किस पर विश्वास करें ?

# हरियाणा कैबिनेट का बड़ा फैसला: NCR में 2026 से केवल EV और CNG वाहन अनिवार्य, एग्रीगेटर नियमों में बदलाव



चंडीगढ़/यूटर्न/18 मई। हरियाणा सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) में प्रदूषण नियंत्रण और बेहतर परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में एग्रीगेटर और डिलीवरी सर्विस प्रोवाइडर्स के लिए नए नियमों को मंजूरी दी गई। संशोधित नियमों के तहत 1 जनवरी 2026 से NCR में एग्रीगेटर्स, ई-कॉमर्स कंपनियों और डिलीवरी सर्विस प्रोवाइडर्स के बेड़े में केवल सीएनजी, इलेक्ट्रिक वाहन (EV) या अन्य स्वच्छ ईंधन आधारित वाहन ही शामिल किए जा सकेंगे। मौजूदा बेड़े में भी केवल सीएनजी और इलेक्ट्रिक तीन-पहिया वाहनों को ही अनुमति होगी। यह निर्णय MoRTH और उअदट के दिशानिर्देशों के अनुरूप लिया गया है। सरकार ने हरियाणा मोटर व्हीकल्स रूल्स, 1993 में संशोधन को भी मंजूरी दी है, जिसके तहत लाइसेंसिंग, सुरक्षा, किराया नियमन और साइबर सुरक्षा से जुड़े नए प्रावधान लागू होंगे। नए नियमों में यात्रियों के लिए 5 लाख रुपये तक बीमा, ड्राइवरों के लिए स्वास्थ्य बीमा और 10 लाख रुपये का टर्म इंश्योरेंस अनिवार्य किया गया है। साथ ही GPS ट्रैकिंग, पैनिक बटन और 24x7 कंट्रोल रूम जैसी सुविधाएं भी जरूरी होंगी। सरकार का कहना है कि यह कदम प्रदूषण घटाने और हरित परिवहन को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगा।

# पुराने सोने के एक्सचेंज से चंडीगढ़ के सराफा बाजार में बढ़ी रौनक, नए डिजाइन की ज्वेलरी की मांग तेज

अजीत झा



चंडीगढ़/यूटर्न/18 मई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से नया सोना खरीदने से बचने की अपील के बाद चंडीगढ़ के सराफा बाजार में नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। शहर में लोग अब नया सोना खरीदने के बजाय पुराने और पुश्तैनी गहनों को एक्सचेंज कर आधुनिक डिजाइन के आभूषण बनवाने में ज्यादा रुचि दिखा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में इस बदलाव से शहर के ज्वेलरी बाजार में नई रौनक लौट आई है। सेक्टर-17, सेक्टर-22, सेक्टर-35 और मनीमाजरा के ज्वेलरी शोरूम्स में बड़ी संख्या में ग्राहक पुराने गहने लेकर पहुंचे। कारोबारियों के अनुसार ग्राहक पुराने सोने पर 100 प्रतिशत एक्सचेंज वैल्यू मिलने के कारण नए डिजाइन की ज्वेलरी बनवा रहे हैं। इससे वर्षों से लॉकरों में रखा पुश्तैनी सोना अब बाजार में वापस आने लगा है।

ज्वेलर्स का कहना है कि लोग अब भारी और पारंपरिक गहनों की जगह हल्के वजन, एंटीक और ट्रेंडी डिजाइन वाले आभूषण पसंद कर रहे हैं। इससे बाजार में नकदी का प्रवाह बढ़ा है और कारोबार को नई गति मिली है। चंडीगढ़ ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक इस ट्रेंड का फायदा केवल सराफा कारोबार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कारीगरों, पैकेजिंग इंडस्ट्री और मार्केटिंग सेक्टर को भी इसका लाभ मिलेगा। नए आभूषणों के ऑर्डर बढ़ने से स्थानीय वर्कशॉप्स में कामकाज तेज होने लगा है और लंबे समय से सुस्त पड़ी कारीगरी यूनिट्स में दोबारा गतिविधियां बढ़ने की उम्मीद है। इंडस्ट्रियल एरिया की पैकेजिंग यूनिट्स में भी ज्वेलरी बॉक्स, वेलवेट पाउच और डिजाइनर कैरी बैग्स की मांग बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार चंडीगढ़ में करीब 20 से 30 टन पुराना सोना मौजूद होने का अनुमान है। शहर की आबादी और औसत घरेलू सोना संग्रह को देखते हुए यह आंकड़ा सामने आया है। कारोबारियों का मानना है कि यदि एक्सचेंज का यह ट्रेंड जारी रहा तो आने वाले समय में सराफा बाजार में कारोबार और तेज हो सकता है।

# GST से पहले के एक लाख रुपये तक के टैक्स, ब्याज और जुर्माने होंगे माफ : हरियाणा सरकार ने एकमुश्त निपटान योजना-2026 को दी मंजूरी




चंडीगढ़/यूटर्न/18 मई। हरियाणा सरकार ने छोटे करदाताओं और व्यापारियों को राहत देने के लिए 'हरियाणा एकमुश्त निपटान योजना-2026 (OTS-2026)' को मंजूरी दे दी है। यह फैसला मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक में लिया गया। इस योजना का उद्देश्य जीएसटी लागू होने से पहले के पुराने कर मामलों का निपटारा करना, लंबित मुकदमों को कम करना और कर वसूली प्रक्रिया को तेज करना है। यह योजना 1 जून 2026 से शुरू होकर 120 दिनों तक लागू रहेगी। इस दौरान करदाता आबकारी एवं कराधान विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। यह योजना हरियाणा वैट, केंद्रीय बिक्री कर, विलासिता कर, मनोरंजन शुल्क, सामान्य बिक्री कर, स्थानीय क्षेत्र विकास कर और माल के प्रवेश कर सहित कुल सात पुराने कर अधिनियमों पर लागू होगी। सरकार के अनुसार, जिन करदाताओं का 1 लाख रुपये तक का बकाया है, उन्हें ब्याज और जुर्माने सहित पूरी राशि में 100 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। इसके लिए उन्हें अलग से आवेदन भी नहीं करना होगा। हरियाणा सामान्य बिक्री कर अधिनियम, 1973 के तहत भी विशेष छूट दी गई है। इसमें 1 लाख रुपये तक की राशि पर 100 प्रतिशत और 1 लाख से अधिक राशि पर 70 प्रतिशत छूट का प्रावधान है। साथ ही ब्याज और जुर्माना पूरी तरह माफ किया जाएगा। अन्य कर अधिनियमों के तहत स्लैब आधारित छूट दी जाएगी, जिसमें बकाया राशि के अनुसार 30 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक राहत मिलेगी। भुगतान को आसान बनाने के लिए सरकार ने किस्तों की सुविधा भी दी है। 5 लाख रुपये तक एकमुश्त भुगतान, 5 से 25 लाख रुपये तक दो किस्तों में और 25 लाख रुपये से अधिक राशि तीन किस्तों में जमा की जा सकेगी। सरकार ने यह भी बताया कि इस योजना में 'डॉक्यूमेंट-आधारित छूट' का प्रावधान रखा गया है, जिससे आवश्यक दस्तावेज जमा कर करदाता अपने मामलों का निपटारा करा सकेंगे। सरकार का मानना है कि यह योजना छोटे व्यापारियों के लिए बड़ी राहत साबित होगी और पुराने कर विवादों में कमी आएगी।

# पिंजौर में ऑफिस में लगातार चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, 20 हजार रुपये बरामद

पंचकूला/पिंजौर/यूटर्न/18 मई। पिंजौर थाना क्षेत्र की हिमशिखा कॉलोनी स्थित एक कार्यालय में लगातार तीन दिनों तक चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पंचकूला पुलिस की डिटेक्टिव स्टाफ टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी का सामान बेचकर बचाए गए 20 हजार रुपये बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पिंजौर निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि हिमशिखा कॉलोनी स्थित उनके कार्यालय में 12 अप्रैल से 14 अप्रैल 2026 के बीच लगातार चोरी की घटनाएं हुई। शिकायतकर्ता ने बताया कि 12 अप्रैल को निर्माण कार्य में इस्तेमाल होने वाली मशीन का मोटर चोरी हुआ, 13 अप्रैल को एलजी कंपनी का डेढ़ टन विंडो एसी चोरी कर लिया गया और 14 अप्रैल को वाटर डिस्पेंसर, बिजली की तारें समेत अन्य सामान चोरी हो गया।

शिकायत मिलने के बाद थाना पिंजौर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 और 331(3) के तहत 14 मई को मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि डिटेक्टिव स्टाफ पंचकूला की टीम ने इंस्पेक्टर निर्मल सिंह के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी रशीद अली उर्फ लाखा (31) और नसीरुदीन (30) को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी गांव टिब्बी बक्शीवाला, पिंजौर के रहने वाले हैं। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी नसीरुदीन के खिलाफ वर्ष 2022 में पिंजौर थाना में डकैती का मामला भी दर्ज है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने चोरी किया गया सामान बेच दिया था। उनकी निशानदेही पर चोरी के सामान की बिक्री से बचाए गए 20 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। मामले में आगे की जांच जारी है।

# एमडीसी क्षेत्र में युवक अवैध हथियार समेत गिरफ्तार, देशी कट्टा बरामद




अजीत झा

पंचकूला /यूटर्न/18 मई। पंचकूला पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम ने एमडीसी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध देशी कट्टे सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार 17 मई को एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ को गुप्त सूचना मिली थी कि गांधी कॉलोनी एमडीसी निवासी भूप सिंह माता मनसा देवी मंदिर से सकेतड़ी जाने वाली सड़क के पास विश्व मानव रूहानी केन्द्र के निकट अवैध हथियार के साथ मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल रेडिंग पार्टी गठित कर मौके पर दबिश दी। इंस्पेक्टर सुनील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी की पैंट की दाहिनी जेब से एक अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। पुलिस द्वारा हथियार का लाइसेंस और परमिट मांगे जाने पर आरोपी कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका।

इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एमडीसी थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। आरोपी को रविवार को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पंचकूला पुलिस ने कहा है कि जिले में अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नगर निगम आयुक्त ने दुकानदारों एवं विक्रेताओं से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की

## विनय कुमार ने पंचकूला के बाजारों में कचरे के उचित निपटान पर दिया जोर

पंचकूला/यूटर्न/18 मई। नगर निगम पंचकूला के आयुक्त विनय कुमार ने शहर के सभी रेहड़ी-पटरी संचालकों, दुकानदारों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे अपने प्रतिष्ठानों के भीतर और आसपास स्वच्छता एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने आग्रह किया कि ग्राहक सुविधा के लिए अलग से कूड़ेदान की व्यवस्था की जाए तथा कचरे का निपटान वैज्ञानिक एवं स्वच्छ तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। आयुक्त ने जोर देते हुए कहा कि सड़कों के किनारे, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों तथा खुले क्षेत्रों में अनियंत्रित रूप से कचरा फेंकने और जमा करने से न केवल शहर का पर्यावरण प्रभावित होता है, बल्कि स्वच्छता एवं जन स्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर समस्याएँ भी उत्पन्न होती हैं। उन्होंने कहा कि सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को नगर निगम द्वारा जारी स्वच्छता दिशानिर्देशों का सख़्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, उन्होंने सभी व्यापारियों और दुकानदारों से पंचकूला को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में सक्रिय सहयोग देने की अपील की।



विनय कुमार ने आगे कहा कि दुकानदारों एवं विक्रेताओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके प्रतिष्ठानों से निकलने वाला कचरा केवल निर्धारित कूड़ेदानों में ही एकत्रित और निस्तारित किया जाए तथा उसे खुले में न फेंका जाए। उन्होंने कहा कि बाजारों में आने वाले नागरिकों को भी रैपर, कप, बोतलें एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री के उचित निपटान के लिए कूड़ेदानों का उपयोग करने हेतु जागरूक और प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। आयुक्त ने चेतावनी देते हुए कहा कि साफ-सफाई के मानकों एवं स्वच्छता संबंधी निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध लागू नियमों एवं प्रावधानों के तहत सख़्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर जुमार्ना लगाया जा सकता है, सामान जब्त किया जा सकता है तथा संबंधित दुकानों या प्रतिष्ठानों को सील करने जैसी कार्रवाई भी अमल में लाई जा सकती है। उन्होंने पंचकूला को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार शहर बनाने के लिए नगर निगम की प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया तथा इस जनहितकारी अभियान में सभी संबंधित पक्षों से सक्रिय भागीदारी और पूर्ण सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

# नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार, आरोपी 2 दिन के पुलिस रिमांड पर

## पीड़िता को बहला-फुसलाकर साथ ले गया था आरोपी, पंचकूला पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा

पंचकूला/यूटर्न/18 मई। महिलाओं और नाबालिगों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर कड़ा रुख अपनाते हुए पंचकूला पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इसी कड़ी में पंचकूला पुलिस ने एक 15 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर साथ ले जाने और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के आरोपी युवक को तत्परता से कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पीड़िता की मां ने पंचकूला के स्थानीय थाने में अपनी बेटी के अचानक घर से बिना बताए लापता होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत मिलने के तुरंत बाद पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए मामले की जांच शुरू की। गहन जांच के दौरान जब पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है, तथा किशोरी को साथ ले जाने वाले आरोपी को भी 17 मई को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी विक्रम नेहरा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से पुलिस ने उसका 2 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है ताकि घटना से जुड़े तमाम साक्ष्यों को जुटाया जा सके। एसीपी ने दोहराया कि महिला विरुद्ध मामलों में पुलिस पूरी तरह गंभीर है और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

# 20 लाख की हेरोइन संग दो तस्कर गिरफ्तार, रिमांड में खुला ड्रग नेटवर्क

अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/18 मई। पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 106 ग्राम हेरोइन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। बरामद हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 20 लाख रुपये आंकी गई है। आरोपी से पूछताछ के दौरान नशा सप्लाई नेटवर्क से जुड़े अहम खुलासे हुए हैं, जिसके बाद पुलिस ने उसके एक अन्य साथी को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार 15 मई को क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 के इंचार्ज इंस्पेक्टर दलीप सिंह के नेतृत्व में पीएसआई विजय और उनकी टीम ने मौली चौकी से बरवाला जाने वाली सड़क पर डांगरी पुल के पास कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने ग्राहक को नशीला पदार्थ सप्लाई करने के इंतजार में खड़े आरोपी सरबजीत सिंह उर्फ सरबू निवासी जिला मोहाली, पंजाब को यामाहा मोटरसाइकिल सहित काबू किया। तलाशी लेने पर आरोपी की जेब से 106 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रायपुर रानी थाना में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने साथी गुरदीप सिंह उर्फ दिप्पी का नाम उजागर किया।



आरोपी की निशानदेही और जांच के आधार पर पुलिस ने 16 मई को गुरदीप सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि शुरूआती जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी मिलकर नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त के नेटवर्क से जुड़े हुए थे। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

चंड़ीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05 मंगलवार, 19 मई 2026



पेज 12 सोशल मिडिया पर आग की तरह फैला मंत्री अरोड़ा...

# हरियाणा में बड़ा पुलिस फेरबदल, 17 आईपीएस और 3 एचपीएस अधिकारियों के तबादले

चंडीगढ़/यूटर्न/18 मई। हरियाणा सरकार ने सोमवार को तत्काल प्रभाव से 17 आईपीएस और दो हरियाणा पुलिस सेवा (एचपीएस) अधिकारियों के तबादले किए। 1996 बैच के आईपीएस अधिकारी केके राव को एडीजीपी, रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर (आरटीसी), भोंडसी, गुरुग्राम नियुक्त किया गया है, जबकि 1998 बैच के विकास अरोड़ा अब पुलिस मुख्यालय में एडीजीपी (प्रशासन) होंगे।

1995 बैच की आईपीएस अधिकारी चारू बाली को एडीजीपी, भोंडसी पुलिस कॉम्प्लेक्स, गुरुग्राम बनाया गया है, वहीं 1996 बैच की डॉ. ममता रवि किरण को एडीजीपी, राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसवीएंडएसीबी) नियुक्त किया गया है। 1999 बैच के आईपीएस अधिकारी सिबाश कबीराज को गुरुग्राम का नया पुलिस आयुक्त बनाया गया है। उन्होंने विकास अरोड़ा का स्थान लिया है।



## हमीद अख्तर डीआईजी नियुक्त

2008 बैच के आईपीएस अधिकारी हमीद अख्तर को डीआईजी, ल्तअढ, मधुबन बनाया गया है। 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी सुरिंदर पाल सिंह को डीआईजी, सीआईडी नियुक्त किया गया है, जबकि 2011 बैच के राजेंद्र कुमार मीणा को डीआईजी, हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी), सोनीपत का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। 2011 बैच के ही मनीबीर सिंह को डीआईजी, एचएसएनसीबी बनाया गया है, जबकि 2012 बैच के सुनील कुमार को डीआईजी, स्टेट क्राइम ब्रांच (एससीबी) और डीआईजी, एचएसएनसीबी का प्रभार सौंपा गया है।

## राकेश कुमार बने आईजी

2003 बैच के आईपीएस अधिकारी राकेश कुमार आर्य को पुलिस महानिरीक्षक (IGP), क्राइम ब्रांच बनाया गया है। 2006 बैच के आईपीएस अधिकारियों में अशोक कुमार को आईजीपी, करनाल रेंज और ओम प्रकाश को आईजीपी, साउथ रेंज की जिम्मेदारी दी गई है। 2007 बैच की आईपीएस अधिकारी नाजनीन भसीन को आईजीपी, हरियाणा आर्म्ड पुलिस (HAP), मधुबन, करनाल के साथ-साथ आईजीपी, RTC भोंडसी, गुरुग्राम का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। इसी बैच के कुलदीप सिंह को आईजीपी, हिसार रेंज नियुक्त किया गया है।

## सुरिंदर भौरिया एसपी एसटीएफ नियुक्त

2014 बैच के आईपीएस अधिकारी सुरिंदर सिंह भौरिया को एसपी, स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ), पंचकूला और एसपी, कमांडो, नयाल (करनाल) नियुक्त किया गया है। अदिति सिंह को एसपी, एसवीएंडएसीबी, गुरुग्राम की जिम्मेदारी दी गई है। एचसीएस अधिकारियों में सिद्धार्थ ढांडा को एसपी, स्टेट क्राइम ब्रांच (एससीबी), पूनम को एसपी, एससीबी और पूजा डाबला को एसपी, इमरजेंसी रिस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम (ईआरएसएस) नियुक्त किया गया है।

# मानसा में आप विधायक डॉ. सिंगला का लोगों ने किया जोरदार विरोध, सिक्योरिटी ने बचाव कर निकाला, विपक्षियों की बयानबाजी तेज

मानसा/यूटर्न/18 मई। मानसा के विधायक डॉ. विजय सिंगला को सोमवार लोगों ने एसडीएम ऑफिस के बाहर घेर लिया। इस दौरान लोगों के साथ विधायक की धक्का मुक्की भी हुई। लेकिन विधायक को उनकी सिक्योरिटी ने किसी तरह बचाव कर वहां से निकाला। जिसके बाद उन्हें कार में बैठाकर वहां से निकाला गया। इस घटना की एक वीडियो वायरल हुई है। इसके वायरल होने के बाद सियासी विवाद तेज हो गया है और आम आदमी पार्टी विपक्ष के निशाने पर आ गई है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दावा किया जा रहा है कि मानसा के विधायक विजय सिंगला को लोगों ने घेर लिया, जिसके बाद उनके गनमैन और पुलिस अधिकारियों ने उन्हें भीड़ से सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान कुछ लोगों द्वारा नारेबाजी भी की गई।






केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा डाली गई पोस्ट

## नामांकन पत्र भरने के दौरान हुआ विवाद

जानकारी के अनुसार, यह घटना मानसा में चल रही चुनाव प्रक्रिया के दौरान नामांकन पत्रों की छंटनी के समय हुई बहस और हंगामे से जुड़ी बताई जा रही है। वीडियो में विधायक कुछ कहते हुए भी नजर आते हैं, लेकिन सुरक्षा कर्मी उन्हें भीड़ से निकालकर गाड़ी में बैठाकर वहां से ले जाते दिखते हैं। इस घटना के बाद विपक्षी दलों ने इसे लेकर सरकार पर निशाना साधा है और सोशल मीडिया पर वीडियो को लगातार शेयर कर मुख्यमंत्री भगवंत मान को टैग किया जा रहा है।

## रवनीत बिट्टू ने कसा तंज



यह मामला अब पूरी तरह राजनीतिक रंग ले चुका है और इसे लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने भी इस वीडियो को साझा करते हुए आम आदमी पार्टी सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान के पुराने बयान का जिक्र करते हुए कहा कि 'जो बोया, वही काटना पड़ रहा है' और तंज कसते हुए कहा कि आज मानसा में जनता के विरोध ने उस बयान को सही साबित कर दिया है।

# डिजिटल जनगणना 2027: लुधियाना ने स्व-गणना में राज्य में पहला स्थान हासिल किया



लुधियाना/यूटर्न/18 मई। डिजिटल जनगणना-2027 के तहत शानदार प्रदर्शन करते हुए लुधियाना ने स्व-गणना में राज्य भर में पहला स्थान हासिल किया है। शहर की सीमाओं के भीतर निवासियों द्वारा कुल 17,640 एंट्रियां दर्ज की गई, जो इस उपलब्धि का आधार बनीं। नगर निगम कमिश्नर-कम-प्रधान जनगणना अधिकारी डॉ. नीरू कतियाल गुप्ता, संयुक्त कमिश्नर-कम-शहर जनगणना अधिकारी विनीत कुमार और डिप्टी डायरेक्टर (जनगणना) पंजाब डॉ. रुचि गुप्ता ने इस उपलब्धि पर शहरवासियों को बधाई दी। सोमवार को सराभा नगर स्थित नगर निगम जोन-डी कार्यालय में जनगणना चार्ज अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान डिजिटल जनगणना-2027 के पहले चरण (घर सूचीकरण और आवासीय जनगणना) के तहत चल रहे फील्ड सर्वेक्षण को तेज और सुचारू बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में जोनल कमिश्नर नीरज जैन, गुरपाल सिंह, जसदेव सेखों, सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर शाम लाल गुप्ता, सुपरिटेंडेंट विवेक वर्मा और सांख्यिकी अन्वेषक आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। फील्ड सर्वेक्षण 15 मई से शुरू हो चुका है और 13 जून तक जारी रहेगा। अधिकारियों ने निवासियों से अपील की है कि वे गणनाकताओं को सहयोग दें और सही जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि सरकार को नीतियां और कल्याणकारी योजनाएं बनाने में मदद मिल सके।

# वार्ड 65 के पवित्र नगर में अतिक्रमण से सड़क संकरी, लोगों में रोष; कार्रवाई की मांग

लुधियाना/यूटर्न/18 मई। वार्ड नंबर 65 स्थित पवित्र नगर, स्ट्रीट नंबर 3, हैबोवाल क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण को लेकर स्थानीय लोगों में रोष देखने को मिला है। जानकारी के अनुसार यहां 20 फीट चौड़ी सड़क है, जिसमें दोनों ओर लगभग 12 फीट तक लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिसके चलते अब केवल लगभग 8 फीट की ही जगह यातायात के लिए बची है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि लगातार बढ़ते अतिक्रमण के कारण सड़क संकरी हो गई है और आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायतों के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसी बीच वार्ड नंबर 65 की पार्षद Ms. Navdeep Kaur फ्रंको भी इस मामले की जानकारी दी गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाकर सड़क को खाली कराया जाए, ताकि यातायात सुचारु रूप से चल सके और किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना कम हो। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। प्रशासन से अब सख्त कदम उठाने की उम्मीद की जा रही है।



Road Block by People at Pavittar Nagar, St. NO 3, Haibowal

# लापरवाही पड़ेगी भारी: सिविल अस्पताल जगरांव में राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## मच्छर जनित बीमारियों से बचाव ही सर्वोत्तम इलाज, स्वास्थ्य विभाग ने दी दबिश

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/16/मई। सिविल सर्जन लुधियाना डॉ. रमनदीप कौर के दिशा-निर्देशों और एस.एम.ओ. जगरांव डॉ. गुरविंदर कौर की अगुवाई में स्थानीय सरकारी अस्पताल में 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस' मनाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा आम जनता को डेंगू बुखार के प्रति सचेत और जागरूक करने के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**साफ पानी भी बन सकता है आफत: सिविल सर्जन...**कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ. रमनदीप कौर ने कहा कि डेंगू फैलाने वाला 'एडीज' मच्छर साफ और ठहरे हुए पानी में पनपता है। उन्होंने जनता से भावुक अपील करते हुए कहा: अपने घरों के आसपास पानी इकट्ठा न होने दें। कूलरों, गमलों और कबाड़ में पड़े बर्तनों को हफ्ते में कम से कम एक बार जरूर खाली करके सुखाएं। फ्रिज की वेस्ट-



वॉटर ट्रे और पक्षियों के पीने वाले पानी के बर्तनों की भी नियमित सफाई बेहद जरूरी है।

**डेंगू के मुख्य लक्षण और बचाव के उपाय:** अस्पताल के चिकित्सा विशेषज्ञों ने डेंगू के मुख्य लक्षणों पर प्रकाश डाला, ताकि समय रहते इसकी पहचान की जा सके:

- तेज बुखार और गंभीर सिरदर्द
- आंखों के पिछले हिस्से में दर्द होना
- जोड़ों और मांसपेशियों में असहनीय दर्द
- शरीर पर लाल रंग के चकत्ते (रैशेज) पड़ना।

**विशेषज्ञों की सलाह:** डेंगू का कोई सटीक एंटी-वायरल इलाज नहीं है, बल्कि इसके लक्षणों के आधार पर ही उपचार किया जाता है। इसलिए बचाव ही सबसे बड़ा इलाज है। एंटी-लावा स्प्रे और मुफ़्त इलाज का दावा जागरूकता अभियान के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल परिसर और आसपास के संवेदनशील इलाकों में एंटी-लार्वा स्प्रे का छिड़काव भी किया। एस.एम.ओ. डॉ. गुरविंदर कौर ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति में डेंगू के लक्षण दिखाई दें, तो वे तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल से संपर्क करें। सरकारी अस्पतालों में डेंगू का टेस्ट और इलाज पूरी तरह से मुफ़्त उपलब्ध है।

**ओयह रहे उपस्थित...**इस विशेष मौके पर डॉ. सगीना, डॉ. नवदीप, डॉ. धीरज, चीफ फामेर्सी अधिकारी बलजिंदर कुमार, नर्सिंग सिस्टर जसवीर कौर, स्टाफ नर्स रमनदीप कौर सहित सराभा नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राएं विशेष रूप से मौजूद रहे।

# राइज-2026 में बच्चों ने डांस से बांधा समां, एक्सटेसी द डांस स्टूडियो का शानदार आयोजन




लुधियाना/यूटर्न/18 मई। एक्सटेसी द डांस स्टूडियो की ओर से इन-हाउस डांस शोकेस राइज-2026 का सफल आयोजन किया गया। एक घंटे तक चले इस रंगारंग कार्यक्रम में अकादमी के करीब 150 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों की मेहनत, लगन और डांस के प्रति बढ़ते जुनून की झलक दिखाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में डॉ. वानी सुमन अस्पताल, नेहरू सिद्धांत केंद्र ट्रस्ट के सांस्कृतिक सचिव सुनील गुप्ता और न्यू राजगुरु नगर के सरपंच निखिल शर्मा उपस्थित रहे। शो की शुरूआत मनमोहक कथक बैठक से हुई, जिसमें कथक की तकनीकी बारीकियों और भाव अंग को खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया।

## रूह से रूबरू



नैतिकता

चारु नागपाल

### हम भारतीय लोग पहले जैसे नैतिक क्यों नहीं रहे?

भारत हमेशा से अपनी संस्कृति, एकता और परंपराओं के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध रहा है। पहले भारतीय लोग अपनी सादगी, आपसी प्रेम और देशभक्ति के कारण अलग पहचान रखते थे। लेकिन आज के समय में यह भावना पहले जैसी दिखाई नहीं देती। इसके कई कारण हैं। सबसे बड़ा कारण आधुनिक जीवनशैली और तकनीक का बढ़ता प्रभाव है। लोग अब अपने परिवार और समाज से ज्यादा मोबाइल और सोशल मीडिया में व्यस्त रहने लगे हैं। पहले लोग एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े रहते थे, लेकिन आज स्वार्थ और प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। इसके अलावा, पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव भी भारतीय मूल्यों को कमजोर कर रहा है। युवा अपनी भाषा, पहनावा और परंपराओं को भूलते जा रहे हैं। पहले बुजुर्गों का सम्मान करना और संयुक्त परिवार में रहना आम बात थी, पर अब यह धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। राजनीति और धर्म के नाम पर बढ़ते विवाद भी लोगों को बाँट रहे हैं। एकता की जगह मतभेद बढ़ रहे हैं। फिर भी भारत की संस्कृति आज भी बहुत मजबूत है। यदि हम अपनी परंपराओं, संस्कारों और आपसी प्रेम को फिर से अपनाएँ, तो भारतीय समाज पहले की तरह सम्मान और पहचान प्राप्त कर सकता है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**क्या WhatsApp Chats Divorce Case में इस्तेमाल हो सकती हैं?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

आजकल वैवाहिक विवादों में WhatsApp Chats एक महत्वपूर्ण electronic evidence बन चुकी हैं। कई मामलों में पति-पत्नी के बीच हुई बातचीत ही अदालत में विवाद का मुख्य आधार बन जाती है। भारतीय साक्ष्य कानून के अनुसार, WhatsApp Chats अदालत में evidence के रूप में प्रस्तुत की जा सकती हैं, लेकिन उनकी authenticity साबित करना जरूरी होता है। यदि chats वास्तविक हैं, उनमें कोई छेड़छाड़ नहीं हुई है, और वे मामले से सीधे जुड़ी हैं, तो अदालत उन्हें ध्यान में रख सकती है। इनका उपयोग cruelty, threats, extra-marital relationship, harassment, या financial disputes जैसे मुद्दों को साबित करने के लिए किया जाता है। हालांकि, केवल screenshots दिखा देना हमेशा पर्याप्त नहीं होता। अदालत कई बार यह भी देखती है कि chats किस device से निकाली गई हैं और क्या उनका source विश्वसनीय है। इसके अलावा, अधूरी chats या context से बाहर प्रस्तुत messages अदालत को गुमराह भी कर सकते हैं, इसलिए पूरा संदर्भ (context) महत्वपूर्ण होता है।

कई लोग गुस्से या भावनाओं में ऐसे messages भेज देते हैं, जो बाद में अदालत में उनके खिलाफ इस्तेमाल हो सकते हैं।

निष्कर्ष: WhatsApp Chats Divorce Case में महत्वपूर्ण evidence बन सकती हैं, लेकिन उनकी authenticity और पूरा context साबित करना आवश्यक होता है। Digital communication आज कानूनी मामलों में बड़ी भूमिका निभा रही है।

# पीर मुछल्ला की सिटी हाइट्स सोसायटी में सिलेंडर धमाके से भीषण आग

## छठी मंजिल से उठीं लपटें, चार फ्लैट जलकर खाक; चार फायर टेंडरों ने पाया काबू





जीरकपुर/यूटर्न/18 मई। जीरकपुर के पीर मुछल्ला स्थित सिटी हाइट्स सोसायटी में सोमवार को सिलेंडर धमाके के बाद भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। इमारत की छठी मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में हुए धमाके के बाद आग तेजी से फैली और देखते ही देखते आसपास के चार फ्लैट इसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार धमाका इतना तेज था कि आसपास के लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दूर तक दिखाई दे रहा था। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गईं। फायर ऑफिसर राजीव कुमार ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए



दमकल विभाग के चार फायर टेंडर मौके पर भेजे गए। कड़ी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया गया और राहत-बचाव अभियान चलाया गया।

आगजनी में प्रभावित फ्लैटों में रखा घरेलू सामान, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य कीमती वस्तुएं जलकर राख हो गईं। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। फायर विभाग और प्रशासन आग लगने के कारणों की जांच कर रहा है। घटना के बाद सोसायटी के निवासियों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

Uturn Time 19 May 2026_Layout 2 18-05-2026 23:01 Page 7



# दो टारगेट किल्लर गिरफ्तार, विदेश बैठे हैंडलर ने दी थी टारगेट किलिंग की जिम्मेदारी, हथियार बरामद






लुधियाना/यूटर्न/18 मई। लुधियाना पुलिस की ओर से एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए शहर में होने वाली टारगेट किलिंग की पांच वारदातों को नाकाम कर दिया है। पुलिस द्वारा दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। जिनसे बिना नंबर की मोटरसाइकिल, 2 पिस्टल और कारतूस बरामद हुए हैं। थाना लाडोवाल की पुलिस ने अनुराज उर्फ गौरव मसीह और अंकुश खिलाफ मामला दर्ज किया है। दोनों जालंधर के फिल्लौर के रहने वाले हैं। पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी जर्मनी और दुबई में बैठे विदेशी हैंडलरों के इशारे पर काम कर रहे थे और उन्हें हाई-प्रोफाइल टारगेट शूटिंग की जिम्मेदारी दी गई थी। समय रहते की गई कार्रवाई से संभावित बड़ी आपराधिक वारदात को टाल दिया गया।

## पहले भी दर्ज है मामले

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि दोनों बदमाश गैंगस्टर लक्खा के लिए काम करते है। लक्खा विदेश में बैठा है। आरोपी अंकुश एक आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ पहले भी गोराया थाना में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज है। इस नेटवर्क के आगे और पीछे के लिंक की जांच जारी है, ताकि इसमें शामिल अन्य सहयोगियों की पहचान की जा सके।

## आरोपियों को मिले थे विशेष टारगेट

पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा ने बताया कि सीआईए स्टाफ और काउंटर इंटेलिजेंस की संयुक्त टीम ने लाडोवाल थाना क्षेत्र में नाका लगाया था। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने हार्डी वर्ल्ड के पास आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे विदेशी हैंडलरों द्वारा संचालित एक अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोह के सदस्य हैं, जिन्हें हथियार उपलब्ध कराए गए थे और विशेष टारगेट दिए गए थे।

# सार्वजनिक स्थानों पर गैस सिलेंडरों की हैंडलिंग जारी, लोगों की सुरक्षा खतरे में







मिलन

लुधियाना/यूटर्न/18 मई। महानगर के बहादुरके रोड़ नजदीक स्थित दाना मंडी क्षेत्र में खुले सार्वजनिक स्थानों पर गैस सिलेंडरों की हैंडलिंग और वितरण का मामला एक बार फिर सामने आया है। हमारी टीम द्वारा प्रकाशित पहले समाचार के बाद कुछ दिनों तक गैस सिलेंडरों से भरे वाहन क्षेत्र से गायब दिखाई दिए थे, लेकिन अब दोबारा बिना किसी डर के विभिन्न स्थानों पर गैस सिलेंडरों की सप्लाई की जा रही है। ताजा तस्वीरों में देखा जा सकता है कि दाना मंडी के अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न गैस एजेंसियों के वाहन खड़े कर एलपीजी सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है। कई स्थानों पर खुले सार्वजनिक क्षेत्रों, सड़कों और रिहायशी इलाकों के साथ सिलेंडरों से भरे वाहन नियमित रूप से खड़े नजर आए। सबसे गंभीर मामला उस स्थान का सामने आया है, जहां गैस सिलेंडरों से भरा वाहन एक स्कूल और रिहायशी कॉलोनी के बिल्कुल साथ खड़ा पाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की लगातार आवाजाही रहती है। ऐसे संवेदनशील स्थानों पर सिलेंडरों की खुले में हैंडलिंग किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकती है। इससे पहले प्रकाशित खबर में भी गैस एजेंसी के बाहर खुले में खड़े सिलेंडरों से भरे ट्रकों और सार्वजनिक क्षेत्र में हो रही लोडिंग-अनलोडिंग को उजागर किया गया था।

## *कुछ दिन रोकथाम के बाद दोबारा कार्य किया शुरू*

*खबर प्रकाशित होने के बाद कुछ समय तक गतिविधियां कम दिखाई दीं, लेकिन अब फिर से खुलेआम सिलेंडरों की सप्लाई शुरू हो गई है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि संबंधित विभागों और प्रशासन की ओर से अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई, जिसके चलते गैस एजेंसियों के हौसले बुलंद हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।*

## *निर्धारित स्थानों पर स्टोर होना जरुरी*

*विशेषज्ञों के अनुसार, एलपीजी सिलेंडरों का वितरण और भंडारण केवल सुरक्षित एवं निर्धारित स्थानों पर ही किया जाना चाहिए। स्कूलों, रिहायशी क्षेत्रों और सार्वजनिक सड़कों के पास सिलेंडरों से भरे वाहनों का नियमित खड़ा रहना गंभीर सुरक्षा चिंता का विषय है और इस मामले में प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।*

# लुधियाना में 7 स्कूल, एयरपोर्ट उड़ाने की धमकी, पुलिस ने पेपर बंद करके बच्चों को भेजा घर




लुधियाना/यूटर्न/18 मई। पंजाब में खालिस्तानी संगठन के नाम से एक ईमेल के जरिए हलवार एयरपोर्ट की पार्किंग और धूरी-दिल्ली रेलवे ट्रैक पर ब्लास्ट करने की धमकी दी गई है। इसके अलावा लुधियाना के 7 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इनमें दुगरी स्थित बाल भारती स्कूल, डीएवी स्कूल सराभा नगर एक्सटेंशन, सेक्रेड हार्ट स्कूल, द एशियन स्कूल और भारतीय विद्या मंदिर की किचलू नगर, उधम सिंह नगर व सेक्टर 39 शाखा शामिल है। धमकी मिलते ही स्कूल एडमिनिस्ट्रेशन ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची और उन्होंने स्कूलों में चल रहे पेपर को बंद करवा बच्चों को बाहर भेज परिसर खाली करा दिया। इस बारे में थाना सराभा नगर के एसएचओ इंस्पेक्टर विजय कुमार ने बताया कि एक ई-मेल रिसीव हुआ था। जिसके बाद एंटी सबोटाज टीमों के साथ चेकिंग की गई है। ऐसी कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली है। ई-मेल कहां से आई थी, साइबर टीम की हेल्प से उसे ट्रेस करा रहे हैं। लुधियाना के अलावा संगरूर के स्कूलों को उड़ाने की भी धमकी दी गई।

# श्री राम ग्लोबल प्री स्कूल को मिला बेस्ट प्री स्कूल लुधियाना अवॉर्ड

लुधियाना/यूटर्न/18 मई। श्री राम ग्लोबल प्री स्कूल ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम करते हुए प्रतिष्ठित प्रारंभ इंडिया अर्ली चाइल्डहुड एक्सीलेंस समिट एंड अवार्ड्स 2026 में बेस्ट प्री स्कूल लुधियाना अवॉर्ड हासिल किया है। यह सम्मान स्कूल द्वारा प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए दिए जा रहे सकारात्मक



एवं संस्कारयुक्त वातावरण को समर्पित है। स्कूल प्रबंधन ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने समर्पित शिक्षकों, सहयोगी अभिभावकों और उत्साही विद्यार्थियों को दिया। प्रबंधन ने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों और विश्वास के कारण ही स्कूल को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि यह अवॉर्ड स्कूल के उस विजन का प्रमाण है, जिसके तहत बच्चों को बचपन से ही आत्मविश्वासी, रचनात्मक और संवेदनशील नागरिक बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। श्री राम ग्लोबल प्री स्कूल ने भविष्य में भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मजबूत नींव तैयार करने और नई पीढ़ी को प्रेरित करने के अपने संकल्प को दोहराया।

Uturn Time 19 May 2026_Layout 2 18-05-2026 23:01 Page 8



# पंजाब-चंडीगढ़ में गर्मी का कहर, कई जिलों में हीट वेव अलर्ट; 42 डिग्री तक पहुंचेगा पारा

चंडीगढ़/यूटर्न/18 मई। पंजाब और चंडीगढ़ में भीषण गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। राज्य के कई हिस्सों में तापमान 43 डिग्री के पार पहुंच गया है, जबकि मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में हीट वेव और तेज गर्मी की चेतावनी जारी की है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगले चार से पांच दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को पंजाब के फाजिल्का, फरीदकोट, मुक्तसर, बठिंडा और मानसा जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं मंगलवार को फिरोजपुर, मोगा, लुधियाना, बरनाला और संगरूर समेत 10 जिलों में लू चलने की संभावना जताई गई है। विभाग का अनुमान है कि बुधवार से लगभग पूरा पंजाब हीट वेव की चपेट में आ सकता है।



रविवार को पंजाब के तापमान में औसतन 1.2 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बठिंडा 43.1 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। वहीं लुधियाना में 41.6 डिग्री, पटियाला में 42 डिग्री और फरीदकोट में 41.9 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान में भी वृद्धि देखी गई है, जिससे रात के समय भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही।

मौसम विभाग के चंडीगढ़ केंद्र के निदेशक Surinder Pal ने बताया कि अगले कुछ दिनों तक मौसम पूरी तरह शुष्क रहेगा और बारिश की कोई संभावना नहीं है। चंडीगढ़ में 22 मई तक अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 25 से 26 डिग्री के बीच रहने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि पंजाब में मानसून 22 से 25 जून के बीच दस्तक दे सकता है, हालांकि इस वर्ष सामान्य से कम बारिश होने का अनुमान है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यदि बारिश कम हुई तो किसानों की सिंचाई के लिए ट्यूबवेल और अन्य संसाधनों पर निर्भरता बढ़ सकती है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर के समय धूप में बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और गर्मी से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है।

# ऑपरेशन सेल पुलिस ने अंतरराज्यीय हथियार सप्लाई गैंग का भंडाफोड़ किया, तीन आरोपी गिरफ्तार

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/18 मई। चंडीगढ़ पुलिस की ऑपरेशन सेल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय अवैध हथियार सप्लाई नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन देसी पिस्टल, एक देसी रिवॉल्वर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी गैंगस्टरों और स्थानीय अपराधियों को हथियार और लॉजिस्टिक सपोर्ट उपलब्ध कराते थे। यह कार्रवाई यूटी चंडीगढ़ के डीआईजी राजीव रंजन और एसपी ऑपरेशन गीतांजलि खंडेलवाल के निर्देशन में की गई। ऑपरेशन सेल की टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर जसपाल सिंह ने किया।

पुलिस के अनुसार पहली कार्रवाई 9 मई को गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें



मनीमाजरा निवासी अल्ला रखा उर्फ लड्डू को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक देसी पिस्टल, अतिरिक्त मैगजीन और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह फिरोजपुर (पंजाब) और जयपुर (राजस्थान) से अवैध हथियार लाकर ट्राईसिटी के गैंगस्टरों और अपराधियों को सप्लाई करता था। इन हथियारों का इस्तेमाल हत्या, लूट, अपहरण और रंगदारी जैसी वारदातों में किया जाता था। आरोपी की निशानदेही पर 10 मई को गुरमीत सिंह उर्फ विशाल को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से एक और देसी पिस्टल बरामद हुई। इसके बाद 13 मई को मनीमाजरा रेलवे फाटक के पास रेत में दबा एक देसी रिवॉल्वर भी बरामद किया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि अल्ला रखा के खिलाफ पहले भी लूट और आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है, जबकि गुरमीत उर्फ विशाल पर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज हो चुका है। दूसरी कार्रवाई में 12 मई को ऑपरेशन सेल ने बुरैल निवासी रोहित उर्फ बावा (19) को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक देसी पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर क्षेत्र से हथियार लाकर शहर के अपराधियों तक पहुंचाता था। रोहित के खिलाफ पहले भी मोहाली में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी संगठित अपराध से जुड़े नेटवर्क के लिए काम कर रहे थे और इनका संबंध कुख्यात गैंगस्टरों के नेटवर्क से भी जोड़ा जा रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे नेटवर्क की गहन जांच कर रही है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## एचपीएससी कार्यालय घेरने पहुंचे इनेलो कार्यकर्ता, पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर रोका



पंचकूला/यूटर्न/18 मई। हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) कार्यालय के घेराव के लिए सोमवार को इनेलो कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पंचकूला पहुंचे। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर आयोजित प्रदर्शन में कार्यकर्ता अभय चौटाला की अगुवाई में सेक्टर-4 स्थित एचपीएससी कार्यालय की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर उन्हें रास्ते में ही रोक दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच बहस भी हुई। इनेलो नेताओं ने आरोप लगाया कि हरियाणा लोक सेवा आयोग युवाओं की चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरत रहा है और राज्य के युवाओं की अनदेखी कर बाहरी लोगों को नौकरियों में प्राथमिकता दी जा रही है। इसी मुद्दे को लेकर पार्टी कार्यकर्ता प्रदर्शन करने पहुंचे थे। प्रदर्शन को देखते हुए पंचकूला पुलिस ने शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। एचपीएससी कार्यालय के बाहर डबल बैरिकेडिंग के साथ डी-सिक्योरिटी सर्कल बनाया गया था। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस ने इनेलो नेताओं और कार्यकर्ताओं को सेक्टर-5 ट्रैफिक लाइट के पास लगाए गए बैरिकेड्स पर रोक दिया। पार्टी नेताओं का कहना था कि वे युवाओं के अधिकारों और रोजगार में पारदर्शिता की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने आए थे।

## पीआरटीसी मुलाजिमों की 20 मई की हड़ताल टली, ट्रांसपोर्ट मंत्री से बैठक में फैसला

पंजाब/यूटर्न/18 मई। पंजाब के लोगों के लिए राहत की खबर है। 20 मई को संगरूर में शुरू होने वाली पीआरटीसी कर्मियों की हड़ताल टल गई है। ट्रांसपोर्ट मंत्री हरपाल सिंह चीमा से हुई पीआरटीसी कांट्रेक्ट कर्मचारी यूनियन की बैठक में कई मुद्दों पर सहमति बनी है। यह दावा मीटिंग के प्रधान ने किया। उन्होंने बताया कि चीमा की यह पहली मीटिंग थी। कच्चे मुलाजिमों को पक्का करने के लिए पर्सोनल विभाग से डेटा मंगवाने के लिए कहा गया है। खाली पड़े पदों पर भर्ती की जाएगी। संगरूर जेल में बंद पड़े मुलाजिमों को छुड़ाने पर भी सहमति बनी है। जल्दी ही सरकार की तरफ से एप्लीकेशन लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव की आचार संहिता लगी है। ऐसे में दोबारा 30 और 31 मई को मीटिंग होगी।





# साइकिल पर घूमता था शिकारी, पीजी में घुसकर युवतियों को बनाता था निशाना; चंडीगढ़ पुलिस ने दबोचा

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/18 मई। शहर के पीजी आवासों में घुसकर युवतियों को निशाना बनाने वाले एक शातिर आरोपी को चंडीगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी साइकिल पर शहर के अलग-अलग सेक्टरों में घूमता था और रात के समय पीजी में घुसपैठ कर वारदातों को अंजाम देने की कोशिश करता था। पुलिस ने उसके कब्जे से एक कमानीदार चाकू भी बरामद किया है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान दादू माजरा निवासी 30 वर्षीय सूरज के रूप में हुई है। सेक्टर-39 थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 333, 118(1) और 74 के तहत मामला दर्ज किया है। बाद में आर्म्स एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गईं। आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी पहले घरेलू सहायक और कबाड़ इकट्ठा करने का काम करता था। इसी दौरान वह सेक्टर-15, 16, 17 और आसपास के इलाकों से अच्छी तरह परिचित हो गया था। आरोपी दिन के



समय साइकिल पर घूमते हुए पीजी आवासों में पानी मांगने या कबाड़ लेने के बहाने प्रवेश करता और वहां रहने वाली युवतियों के कमरों की जानकारी जुटाता था। इसके बाद रात में दोबारा लौटकर पीजी में घुसने की कोशिश करता था। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी कई बार वारदात से पहले रेकी करता था। कुछ मामलों में उसने पीजी में घुसने का प्रयास भी किया, लेकिन शिकायत पुलिस तक नहीं पहुंची। पुलिस का मानना है कि समय पर शिकायत न मिलने के कारण आरोपी के हौसले बढ़ते गए। पुलिस के मुताबिक अधिकतर पीजी के मुख्य गेट रात में खुले रहते थे और कई कमरों के दरवाजे भी अनलॉक पाए गए, जिसका आरोपी फायदा उठाता था। एक मामले में कुछ लड़कियों ने आरोपी को पीजी में प्रवेश करते देखा, लेकिन उसे किसी अन्य लड़की का परिचित समझकर नहीं रोका। पुलिस ने बताया कि आरोपी अपने पास कमानीदार चाकू रखता था ताकि विरोध होने पर लोगों को डरा सके। फिलहाल जांच में आरोपी के किसी मानसिक उपचार या काउंसलिंग से जुड़े तथ्य सामने नहीं आए हैं।

Uturn Time 19 May 2026_Layout 2 18-05-2026 23:01 Page 9



# सहोदया शबद गायन प्रतियोगिता, जीएचजी अकादमी के सुरों का जादू, जीते दो बड़े पुरस्कार

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/18/मई। शिमलापुरी स्थित डी.जी.एस.बी. पब्लिक स्कूल में आयोजित 'इंटर-स्कूल शबद गायन सहोदया प्रतियोगिता' में जी.एच.जी. अकादमी के विद्यार्थियों ने अपनी मधुर और भक्तिमय प्रस्तुति से जजों व दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों की टीमों को पछाड़ते हुए अकादमी के छात्रों ने अपनी गायन प्रतिभा, कड़े अनुशासन और बेहतरीन टीमवर्क के दम पर दो मुख्य श्रेणियों में बाजी मारी।





### ग्रुप-II में मिला तीसरा स्थान, सुरों ने मोहा मन

प्रतियोगिता के ग्रुप-II में जी.एच.जी. अकादमी की टीम ने बेहद भावपूर्ण शबद गायन की प्रस्तुति देकर तृतीय स्थान हासिल किया। इस टीम में शामिल होनहारों के सुरों के तालमेल की जजों ने जमकर सराहना की।

विजेता प्रतिभागी: जापमनवीर कौर, गुर्मन कौर, मंगलदीप कौर, अवनीर कौर, नवकिरत कौर, मनकिरत कौर और गुलबाग सिंह।

ग्रुप-III में चमके विद्यार्थी, हासिल किया दूसरा स्थान स्कूल की सफलता के कारवां को आगे बढ़ाते हुए ग्रुप-III के विद्यार्थियों ने अपनी श्रद्धा और संगीत की बारीक समझ से मंच पर समां बांध दिया। इस ग्रुप ने अपनी दिल को छू लेने वाली प्रस्तुति के साथ प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर कब्जा जमाया।

विजेता प्रतिभागी: सुखमनप्रीत कौर, जापनाम कौर, ओंकार सिंह, हरमन सिंह, सुमनदीप कौर, बरजिंदर कौर और अर्पनजोत कौर।

### मैनेजमेंट और प्रिंसिपल ने थपथपाई पीठ

विद्यार्थियों की इस शानदार दोहरी सफलता पर स्कूल प्रबंधन और प्रधानाचार्य (प्राचार्य) ने खुशी जाहिर की। उन्होंने सभी विजेता छात्रों और स्टाफ सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण ने आज स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रबंधन ने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी तरह सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# श्री पटना साहिब पहुंचे सीएम मान, पीएम पर साधा निशाना, बोले-अघोषित लॉकडाउन लगाया

पंजाब/यूटर्न/18 मई। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सोमवार को परिवार सहित बिहार स्थित तख्त श्री पटना साहिब पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका और गुरु साहिब का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिखों के पांच तख्तों में से एक है और जुल्म के खिलाफ लड़ाई की शुरूआत भी यहीं से हुई थी। उन्होंने कहा कि आज यहां आकर उन्होंने आशीर्वाद लिया और देश में शांति व भाईचारा बनाए रखने की अरदास की। इस मौके उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेशी दौरो पर हमला बोला। सीएम ने कहा कि एक तरह से उन्होंने अघोषित लॉकडाउन लगा दिया है और खुद लोगों को विदेश यात्रा न करने तथा घर से काम करने की सलाह देकर स्वयं विदेश यात्रा पर निकल गए हैं। उन्हें अपने दोस्त डोनाल्ड ट्रंप से पूछकर देश को बताना चाहिए कि असल में हमारे देश की आर्थिक स्थिति और विदेश नीति क्या है।



# स्टूडेंट ने पेपर से एक दिन पहले सुसाइड किया, भाई का फोन नहीं उठाया, दरवाजा तोड़ा तो पता चला



पंजाब/यूटर्न/18 मई। फरीदकोट में BCA छात्र ने एग्जाम से पहले सुसाइड कर लिया। वह किराए के कमरे में रहकर पढ़ाई कर रहा था। सोमवार सुबह जब उसने अपने परिजनों के कई फोन कॉल का जवाब नहीं दिया तो परिवार को चिंता हुई।

इसके बाद परिजनों ने मकान मालिक से संपर्क किया और कमरे में जाकर देखने के लिए कहा। मकान मालिक जब कमरे के पास पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर तक आवाज लगाने और दरवाजा खटखटाने के बावजूद अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। जिसके बाद उसने सूचना देकर थाना सिटी पुलिस को बुलाया। पुलिस ने कमरे का दरवाजा जुड़वाया। अंदर देखा गया तो छात्र की लाश फंदे से लटकी हुई थी। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर कब्जे में लिया।

### दरवाजा अंदर से बंद मिला

जानकारी के अनुसार, फाजिल्का के आदर्श नगर का रहने वाला 22 वर्षीय निपुण पिछले करीब 4 महीनों से कोटकपूरा के नए बस स्टैंड के पास एक गली में किराये के कमरे में रहकर पढ़ाई कर रहा था। वह शहीद भगत सिंह सरकारी कॉलेज में बीसीए प्रथम वर्ष का छात्र था। सोमवार को उसका पेपर भी था। मकान मालिक जतिंदर सिंह के अनुसार, उसने रात में ही सुसाइड कर लिया था, लेकिन किसी इसका पता नहीं चला, सुबह निपुण के बड़े भाई का फोन आया। उन्होंने बताया कि निपुण लगातार कॉल करने के बावजूद फोन नहीं उठा रहा है। इसके बाद मकान मालिक उसके कमरे में पहुंचे, जहां दरवाजा अंदर से बंद मिला।

# भाजपा उम्मीदवारों के नामांकन रद्द होने पर फूटा गुस्सा, नगर परिषद कार्यालय के बाहर प्रदर्शन

## गुरदर्शन सिंह सैनी की अगुवाई में कार्यकताओं ने लगाए नारे, चुनाव प्रक्रिया पर उठाए सवाल

जीरकपुर/यूटर्न/18 मई। नगर परिषद चुनाव के बीच भाजपा उम्मीदवारों के नामांकन रद्द होने के विरोध में सोमवार को राजनीतिक माहौल गरमा गया। वरिष्ठ भाजपा नेता गुरदर्शन सिंह सैनी की अगुवाई में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने नगर परिषद कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने पूरे घटनाक्रम को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ बताते हुए ह्लधक्केशाहीह्व करार दिया। कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि राजनीतिक दबाव के तहत भाजपा उम्मीदवारों को चुनावी मैदान से बाहर करने की कोशिश की जा रही है।





भाजपा नेता गुरदर्शन सिंह सैनी ने कहा कि नगर परिषद चुनाव में भाजपा को मिल रहे जनसमर्थन से विरोधी दल घबराए हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी कारण कई उम्मीदवारों के नामांकन रद्द कर चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि यह केवल उम्मीदवारों का मामला नहीं बल्कि लोकतंत्र और संविधान की मर्यादा से जुड़ा विषय है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भाजपा उम्मीदवारों और कार्यकताओं के साथ अन्याय हुआ तो पार्टी इस मुद्दे को हर स्तर पर उठाएगी और संघर्ष करेगी। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने 'लोकतंत्र बचाओ', 'धक्केशाही बंद करो' और 'तानाशाही नहीं चलेगी' जैसे नारे लगाए। भाजपा नेताओं ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और चुनाव प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ संचालित किया जाए, ताकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोगों का विश्वास कायम रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ महिला कांग्रेस का सेक्टर-38 में प्रदर्शन, मोदी सरकार पर साधा निशाना

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/18 मई। पेट्रोल, डीजल और कमर्शियल गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के विरोध में चंडीगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस ने रविवार को सेक्टर-38 मार्केट में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एचएस लक्की और चंडीगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्षा नंदिता हूडा ने किया। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष सैल्वी सेठी द्वारा किया गया।




प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में झंडे, बैनर और तख्तियां लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम लोगों का जीवन कठिन बना दिया है और हर वर्ग आर्थिक दबाव झेल रहा है। सभा को संबोधित करते हुए एच.एस. लक्की ने केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महंगाई के मुद्दे पर सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि बढ़ती कीमतों का सबसे ज्यादा असर महिलाओं, युवाओं, नौकरीपेशा लोगों और छात्रों पर पड़ा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से रोजमर्रा की वस्तुएं भी महंगी हो गई हैं, जिससे आम परिवारों का बजट बिगड़ गया है।

लक्की ने आरोप लगाया कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम थीं तब सरकार ने जनता को राहत नहीं दी, जबकि वैश्विक संकट आने पर पूरा बोझ आम जनता पर डाल दिया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री के विदेश दौरों और सरकारी खर्चों को लेकर भी केंद्र सरकार पर सवाल उठाए। वहीं नंदिता हुड्डा ने कहा कि महंगाई का सबसे अधिक असर महिलाओं पर पड़ रहा है, क्योंकि घरेलू बजट संभालने की जिम्मेदारी उन्हीं पर होती है। उन्होंने आशंका जताई कि आने वाले समय में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में भी बढ़ोतरी हो सकती है। उन्होंने कहा कि ईंधन की कीमतें बढ़ने से परिवहन महंगा हो जाता है, जिसका असर हर जरूरी वस्तु की कीमत पर पड़ता है। महिला कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और महिला कांग्रेस जनता को राहत मिलने तक महंगाई के खिलाफ अपना आंदोलन जारी रखेगी। प्रदर्शन में प्रवीण शर्मा, टीटू, विक्टर सिद्धू, गुरचरण, प्रिंस सहित महिला कांग्रेस की कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं मौजूद रहीं।

# चोरी की बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूम रहा आरोपी गिरफ्तार, चंडीगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/18 मई। चंडीगढ़ पुलिस ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वाहन चोरी के मामले में आरोपी सुमित उर्फ क्लच को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई हीरो होंडा मोटरसाइकिल बरामद की है। जानकारी के अनुसार महिला एसएसपी यूटी कंवरदीप कौर के निर्देशों पर और एसपी सिटी केएम प्रियंका तथा एसडीपीओ साउथ-वेस्ट धीरज कुमार के मार्गदर्शन में सेक्टर-39 थाना पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। टीम का नेतृत्व सेक्टर-39 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार कर रहे थे। पुलिस के अनुसार मोहाली निवासी आरोपी सुमित उर्फ क्लच को गुरु नानक पब्लिक स्कूल सेक्टर-37 के पास उस समय काबू किया गया, जब वह एक मोटरसाइकिल पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूम रहा था। जांच के दौरान मोटरसाइकिल पर लगी नंबर प्लेट **HP-27-T-3513** फर्जी पाई गई, जबकि वाहन का असली नंबर **PB-27-F-8518** निकला। पुलिस जांच में सामने आया कि यह मोटरसाइकिल मलोया स्थित मंडी ग्राउंड क्षेत्र से चोरी की गई थी। मामले में थाना सेक्टर-39 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(2) और 341(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले भी नया गांव थाना में हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज है।



# अरुण सूद के नेतृत्व में आयोजित रक्तदान महाशिविर में समाजसेवी संजीत सिंह सम्मानित





अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/18 मई। रीशान फाउंडेशन द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी अरुण सूद के नेतृत्व में आयोजित विशाल रक्त एवं नेत्रदान महाशिविर में समाजसेवी संजीत सिंह को मानव सेवा, रक्तदान एवं सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा चंडीगढ़ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय राणा ने भी रक्तदान कर युवाओं को मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी पवन शर्मा, भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश के महासचिव अमित राणा, मौली जागरण से वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद सिंह, भाजपा आईटी सेल चंडीगढ़ प्रदेश प्रमुख एवं पंजाब भाजपा का अतिरिक्त कार्यभार देख रहे महेंद्र निराला, पीजीआई कार्डियोलॉजी विभाग से अमित सिंह राधे-राधे, पूजा रानी, गुरमीत सिंह धवल, प्रशांत सिंह, देवी सिंह सहित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश एवं चंडीगढ़ के अनेक समाजसेवी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समाजसेवी संजीत सिंह का जन्म बिहार राज्य के कटिहार जिले के छोटे से गांव मनिया पिपरा में हुआ।

# खरड़ में खौफनाक वारदात: नौकर ने मालकिन पर बेलन से किया हमला, लाखों की नकदी और जेवर लेकर फरार



अजीत झा

मोहाली/खरड़/यूटर्न/18 मई। खरड़ के शिवालिक सिटी सेक्टर-127 में घरेलू नौकर द्वारा अपनी मालकिन पर जानलेवा हमला कर लाखों रुपये की लूट करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी महिला को गंभीर रूप से घायल कर नकदी, सोना और मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार घायल महिला शुभनम अंसारी आयुर्वेदिक क्लीनिक चलाती हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी हीरा लाल उर्फ हैरी, जो मूल रूप से बिहार का रहने वाला है, कुछ दिन पहले ही घर में नौकर के तौर पर रखा गया था। वह घर की दूसरी मंजिल पर बने सर्वेंट रूम में रहता था। पीड़िता के पति इमाम साबिर ने बताया कि घटना वाले दिन वह सुबह करीब छह बजे रोजाना की तरह जिम के लिए घर से निकले थे। उस समय उनकी पत्नी कमरे में सो रही थीं। आरोप है कि पति के घर से निकलते ही आरोपी नीचे आया और रसोई से बेलन उठाकर बेडरूम में पहुंच गया। वहां उसने सो रही महिला के सिर पर लगातार हमला कर दिया।

हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जा रहा है कि उनके सिर पर करीब 65 टांके लगे हैं और उनका इलाज चल रहा है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी घर से करीब तीन लाख रुपये नकद, 12 तोले सोना, चांदी के जेवरात और दो मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपी की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

# मौलीजागरां थाना प्रभारी जसकरण सिंह की नशा तस्करों को चेतावनी एरिया में 'नशा तस्करी बर्दाश्त नहीं'

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/18 मई। शहर में नशे के कारोबार और असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए चंडीगढ़ पुलिस ने अपना अभियान और तेज कर दिया है। पुलिस के आला अधिकारियों के निर्देश पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार गश्त, नाकेबंदी और फ्लैग मार्च किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को मौलीजागरां थाना पुलिस ने



सैंसी कॉलोनी और आसपास के इलाकों में बड़े स्तर पर फ्लैग मार्च निकालकर नशा तस्करों और शरारती तत्वों को कड़ा संदेश दिया। मौलीजागरां थाना प्रभारी जसकरण सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इलाके की गलियों और संवेदनशील स्थानों पर पैदल मार्च किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने संदिग्ध लोगों और वाहनों की जांच की तथा स्थानीय निवासियों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान पूरे इलाके में पुलिस की सक्रियता देखने को मिली। पुलिस ने खास तौर पर उन स्थानों पर निगरानी बढ़ाई जहां पहले नशा तस्करी या असामाजिक गतिविधियों की शिकायतें मिल चुकी हैं।

# डेराबस्सी में चुनावी बवाल: वार्ड-19 में कांग्रेस उम्मीदवार का पेपर रिजेक्ट, सड़क पर उतरे समर्थक

## नामांकन रद्द होने पर भड़का सियासी घमासान, दीपेंद्र ढिल्लों ने विधायक कुलजीत रंधावा पर लगाए गंभीर आरोप

डेराबस्सी/यूटर्न/18 मई। नगर परिषद चुनाव के बीच वार्ड नंबर-19 में उस समय भारी हंगामा खड़ा हो गया जब कांग्रेस उम्मीदवार कुलविंदर कौर का नामांकन पत्र कथित तौर पर रद्द होने की खबर फैलते ही समर्थक सड़कों पर उतर आए। देखते ही देखते इलाके में राजनीतिक माहौल गर्मा गया और बड़ी संख्या में लोग विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह ढिल्लों मौके पर पहुंचे और प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल खड़े किए। उन्होंने हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वार्ड में कांग्रेस की मजबूत स्थिति देखकर राजनीतिक दबाव बनाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार को हार की आशंका थी, इसलिए सत्ता का दुरुपयोग कर कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन रद्द करवाया गया।





दीपेंद्र सिंह ढिल्लों ने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार कुलविंदर कौर और उनके परिवार की वोट दूसरे वार्ड में ट्रांसफर कर दी गई, जिससे चुनाव प्रक्रिया प्रभावित हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि वार्ड नंबर-19 में विधायक के रिश्तेदार के चुनाव लड़ने के कारण यह पूरा घटनाक्रम योजनाबद्ध तरीके से किया गया। उन्होंने कहा कि जब एसडीएम डेराबस्सी से नामांकन खारिज करने का कारण पूछा गया तो मौके पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। प्रशासन की ओर से लिखित कारण अगले दिन देने की बात कही गई। इसको लेकर कांग्रेस नेताओं और समर्थकों में और नाराजगी बढ़ गई। ढिल्लों ने चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस इस मामले को लेकर कानूनी लड़ाई लड़ेगी और जनता के बीच जाकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी देगी। वहीं वार्ड में इस घटनाक्रम के बाद चुनावी माहौल पूरी तरह गरमा गया है और आने वाले दिनों में सियासी टकराव और बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं।

# अवैध खनन के आरोप में टिपर चालक गिरफ्तार, केस दर्ज

## रेत से भरा टिपर पकड़ने पर नहीं दिखा सका दस्तावेज, पुलिस ने की कार्रवाई

डेराबस्सी/यूटर्न/18 मई। डेराबस्सी पुलिस ने नाकाबंदी और चेकिंग अभियान के दौरान अवैध खनन के मामले में एक टिपर चालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी वाहन में रेत लेकर जा रहा था, लेकिन पूछताछ के दौरान वह खनन संबंधी कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका।

जांच अधिकारी एएसआई दिलबाग सिंह के अनुसार पुलिस टीम गश्त और चेकिंग के सिलसिले में बरवाला रोड, डेराबस्सी के पास मौजूद थी। इसी दौरान गांव सैदपुरा की ओर से एक टिपर आता दिखाई दिया। पुलिस ने शक के आधार पर वाहन को रोककर जांच की तो उसमें रेत भरी हुई मिली।

पुलिस ने चालक से खनन और रेत से संबंधित दस्तावेज मांगे, लेकिन वह कोई भी वैध कागजात पेश नहीं कर पाया। इसके बाद पुलिस ने मौके पर ही चालक को हिरासत में ले लिया। आरोपी की पहचान सोमनाथ निवासी गांव गढ़ी कोटाहा, हरियाणा के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ माइनिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

# ब्लू बिकिनी में पूजा हेगड़े का ग्लैमरस अंदाज वायरल

पूजा हेगड़े



बॉलीवुड एक्ट्रेस पूजा हेगड़े का ये स्टाइलिश और बोल्ड लुक सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। ब्लू फ्लोरल बिकिनी में उनका कॉन्फिडेंस और ग्रेस फैंस को खूब पसंद आ रहा है। तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है और लोग उनकी फिटनेस की भी जमकर तारीफ कर रहे हैं। पूजा का ये अवतार एक बार फिर उनके ट्रेंडी फैशन सेंस को दिखाता है।

# मुबारिकपुर में ऑटो से 250 पव्वे अवैध शराब बरामद, चालक गिरफ्तार

## पुलिस और एक्साइज विभाग की संयुक्त कार्रवाई, चेकिंग के दौरान पकड़ी गई तस्करी

डेराबस्सी/यूटर्न/18 मई। डेराबस्सी पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने मुबारिकपुर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान अवैध शराब तस्करी के एक मामले का खुलासा करते हुए एक ऑटो चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 250 पव्वे देसी शराब बरामद हुई है, जो केवल चंडीगढ़ में बिक्री के लिए अनुमत बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार थाना डेराबस्सी पुलिस की टीम एएसआई के नेतृत्व में एक्साइज विभाग के अधिकारियों के साथ मुबारिकपुर पुलिस चौकी के सामने संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान रात करीब 9 बजे बस स्टैंड मुबारिकपुर की ओर से एक ऑटो आता दिखाई दिया। पुलिस



टीम को देखकर चालक ने अचानक वाहन पीछे मोड़ने की कोशिश की, जिससे पुलिस को उस पर शक हुआ।

पुलिस ने तुरंत ऑटो नंबर HR-68-B-1855 को रोककर चालक को काबू कर लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान राजन पुत्र कल्याण सिंह, मूल निवासी जिला मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) और वर्तमान निवासी मीरपुर-मुबारिकपुर के रूप में बताई।

तलाशी के दौरान ऑटो की पिछली डिग्गी से पांच गत्ते की पेटियां बरामद हुईं। जांच करने पर इनमें कुल 250 पव्वे दिलबर संतरा मसालेदार देसी शराब₹ मिली, जिस पर ₹फॉर सेल इन यूटी चंडीगढ़ ओनली₹ अंकित था। पुलिस और एक्साइज विभाग ने मौके पर शराब के नमूने लेकर जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी की तथा बरामद शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# स्कूल छात्र पर हथियारों से हमला, बिना नंबर की गाड़ियों में आए हमलावर




जालंधर/यूटर्न/18 मई। जालंधर के 66 फीट रोड पर स्थित जालंधर हाइट्स-1 में खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है। यहां एजीआई बिजनेस ग्रुप द्वारा बनाए गए क्लब हाउस के पास, 10 से 15 नकाबपोश हमलावरों ने 12वीं कक्षा के एक छात्र पर तेजधार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। हमलावर बिना नंबर की स्कार्पियो और स्विफ्ट कारों में सवार होकर आए थे। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी सिक्योरिटी गाड्र्स को धमकाते हुए फरार हो गए। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। सीसीटीवी में देखा जा सकता है कि हमलावर अपनी गाड़ियों को सीधे बेसमेंट में ले जाकर पार्क कर देते हैं। इसके बाद, जालंधर के गुरजेपाल नगर के रहने वाले संजीव चोपड़ा के बेटे आरुष को इशारे से बाहर बुलाया जाता है।

Uturn Time 19 May 2026_Layout 2  18-05-2026  23:01  Page 12



# सोशल मिडिया पर आग की तरह फैला मंत्री अरोड़ा का भावुकता वीडियों क्लिप, देख लोग हुए क्षुब्ध

## कोर्ट परिसर में परिवार को देख छलका पिता का दर्द : बेटी से मिलकर भावुक हुए













चंडीगढ़/गुरुग्राम /यूटर्न/18 मई। पंजाब के आम आदमी पार्टी (AAP) के हर दिल अजीज मंत्री संजीव अरोड़ा सोमवार को गुरुग्राम कोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय (ED) द्वारा पेश किए जाने के दौरान बेहद भावुक नजर आए। अदालत ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, और अगली सुनवाई 1 जून को होगी।

कोर्टरूम के बाहर की तस्वीरें किसी को भी रुला देने वाली थीं। जब प्रवर्तन निदेशालय (ED) उन्हें पेश करने लेकर पहुंची तो माहौल बेहद उदास हो गया। मंत्री संजीव अरोड़ा रास्ते में बेहद कॉफिडेंट दिखाई दिए परन्तु कोर्टरूम की भावुक तस्वीरों ने हर किसी के दिल को मानो झंझोर कर रख दिया जिससे असंख्य आंखें नम हो गई। वहां मौजूद हर शख्स भावुक नजर आया।

परिवार से मिलने के दौरान संजीव अरोड़ा बेहद भावुक हो गए। एक पल ऐसा लगा जैसे राजनीति पीछे छूट गई हो और सिर्फ एक इंसान अपने अपनों से बिछड़ने के दर्द में टूट गया हो। अपनी बेटी को गले लगाकर वे रो पड़े। ऐसा लगा मानो इतने दिनों से परिवार के साथ जुदाई की तड़प एक झलक मिलते ही आँखों से आंसू बन कर निकल पड़ी में और एक पल में आस खत्म हो गई हों। इस दृश्य को देखकर न सिर्फ वहां मौजूद लोग बल्कि इसका एक वीडियो क्लिप सोशल मिडिया प्लेटफार्मो पर आग से भी तेज वायरल हुआ जिसे कोसों मील दूर बैठे देखने वाले ज्यादातर व्यक्ति भावुक हो उठे और विचलित हो कर या तो क्षुब्ध हो उठे या फिर एक दूसरे को फोन कर अपने भाव व्यक्त करते देखे गए। अदालत की कार्यवाही अपनी जगह है, लेकिन एक पिता का दर्द उस समय साफ नजर आया जब बेटी एवं परिवार जन अपने पिता से बिछड़ते हुए रो पड़े। 'पिता आखिरकार पिता होता है' — यह दृश्य उसी भावना को और गहरा कर गया, जहां राजनीति से ऊपर एक परिवार और अपनेपन की पीड़ा साफ झलक रही थी।

अरोड़ा को 9 मई को एऊने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया था। शुरूआत में उन्हें 7 दिन की रिमांड पर रखा गया था, जिसे बाद में 2 दिन और बढ़ाया गया।

इस बीच उनकी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली याचिका पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में भी विचाराधीन है, जहां ईडी अपना पक्ष रखेगी। अअढ प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री का समर्थन किया और उन्हें 'बहादुर' और 'देशभक्त' बताया। उन्होंने कहा कि पूरा पंजाब उनके साथ खड़ा है। जांच एजेंसी के अनुसार यह मामला बैंक गारंटी, शेल कंपनियों और संदिग्ध बेनामी संपत्तियों से जुड़े वित्तीय लेन-देन से संबंधित है। यह केस 2023 में सामने आए कथित वित्तीय अनियमितताओं से शुरू हुआ था, जो अब एक बड़े राजनीतिक और प्रशासनिक जांच प्रकरण में बदल चुका है।

ED की जांच का दायरा लगातार बढ़ रहा है। क्अर अधिकारी बसंत गर्ग, GMADA के मुख्य प्रशासक संदीप कुमार, PSPCL की अधिकारी हरशरण कौर ट्रेहन सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों को समन जारी किया गया है। इसके अलावा कारोबारी हेमंत सूद और चंद्रशेखर अग्रवाल, जिन्हें अरोड़ा के करीबी सहयोगी बताया जा रहा है, उन्हें भी जाँच में शामिल होने के लिए समन जारी किए जा चुके है। सूत्रों अनुसार दोनों कारोबारियों द्वारा पेश होने के लिए दो दिन का समय माँगा गया है।

# भावाधस द्वारा 62वां स्थापना दिवस 24 मई को मनाया जाएगा - विजय दानव



लुधियाना/यूटर्न/18 मई। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस की एक बैठक भावाधस के मुख्य संचालक वीरेश विजय दानव की अगुवाई में स्थानीय के केंद्रीय कार्यालय स्थानीय नगर निगम जोन-ए के पास हुई। इस बैठक में भावाधस के समूचे पदाधिकारियों द्वारा 24 मई को पंजाबी भवन में सुबह 11 बजे मनाए जा रहे भावाधस के 62वें स्थापना दिवस संबंधी प्रचार सामग्री को रिलीज किया। विजय दानव ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी भावाधस का स्थापना दिवस बड़े पैमाने पर मनाया जाएगा क्योंकि 24 मई 1964 को भावाधस के धर्मगुरु ब्रह्मलीन प्रभु ऋषीनाथ रतनाकर जी द्वारा लुधियाना की धरती पर ही भावाधस की स्थापना की थी और तब से लेकर अब तक भावाधस वाल्मीकि समाज की प्रगति एवं तरक्की के लिए काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में वाल्मीकि कौम की दशा और दिशा पर चर्चा की जाएगी। इस मौके चौधरी यशपाल, संजय दिशावर, टोनी गहलोत, अश्वनी भील, धर्मवीर मचल, संजीव बेगड़ा, जतिंदर घाटवी, बनारसी राम, संजीव बिट्टू, सुरेश शेली, कनौज दानव, सनी बालू, राज कुमार, बिक्रम विक्की बिरला आदि उपस्थित थे।

# बुड्ढा दरिया को प्रदूषित करने वालों पर सख्त कार्रवाई के आदेश



लुधियाना/यूटर्न/18 मई। बुड्ढा दरिया की सफाई को लेकर आयोजित 37वीं समीक्षा बैठक में प्रशासन ने कड़े फैसले लेते हुए साफ कर दिया है कि प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विशेष रूप से उन डेयरियों पर कार्रवाई होगी जो फ्लो मीटर नहीं लगा रहीं, भूजल का अत्यधिक दोहन कर रही हैं या दरिया में गोबर और गंदा पानी डाल रही हैं। राज्यसभा सांसद संत बलबीर सिंह सीचेवाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने स्पष्ट कहा कि बुड्ढा दरिया को प्रदूषित करने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्था को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पंजाब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड को निर्देश दिए कि ऐसे उद्योगों और डेयरियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। बैठक में डेयरी मालिकों को पानी के स्टोरेज टैंक लगाने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि कई डेयरियों में मामूली जरूरत के लिए भी मोटर चलाकर सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद किया जा रहा है। संत सीचेवाल ने चिंता जताई कि भूजल का अत्यधिक दोहन भविष्य में गंभीर संकट पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि एनजीटी के नियमों के अनुसार प्रति पशु प्रतिदिन 100 लीटर पानी की अनुमति है, लेकिन कई डेयरियों में इसका उपयोग 500 लीटर तक पहुंच रहा है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372